an>

Title: Regarding feed the child campaign in India

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) : माननीय उपाध्यक्ष जी, 1 अगस्त से 7 अगस्त तक के दिन को अंतर्राÂट्रीय स्तर पर मां के द्वारा बच्चों को दूध पिलाए जाने के रूप में मनाया जा रहा है। अंतर्राÂट्रीय दिवस पर एक लक्ष्य रखा गया है कि 2025 तक हम अपने देश की 50 प्रतिशत मां बनने वाली महिलाओं को जागरुक बनाएंगे कि वह पहले छः महीने में अपने बच्चों को दूध पिलाएं। मैं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं कि विश्व में केवल 38 प्रतिशत महिलाएं ही प्रथम छः महीने में अपने बच्चों को ही दूध पिलाती हैं। बच्चों को प्रथम छः महीने में दूध न पिलाए जाने के कारण आठ लाख बच्चों की मौत प्रति वÂ◌ाऱ् हो जाती है। भारत जैसे देश में जहां आजादी के 68 साल बाद भी करोड़ों बच्चे कुपोÂ◌ाण का शिकार हैं और अधिकतर बच्चे पांच वÂ◌ाऱ् की आयु से पहले मौत का शिकार हो जाते हैं। हमारे देश में इस अभियान को अन्य राÂट्रों के मुकाबले और तीव्र गति से चलाए जाने की आवश्यकता है।

HON. DEPUTY SPEAKER: *m02 Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Rattan Lal Kataria.